<u>समाचार</u>

# <u>वक्रांगी केन्द्र का शुभारंभ किया महापौर एवं विधायक ने</u>

<u>(बुधिया पेट्रोल पम्प में विभिन्न सुविधाओं से लैस वक्रांगी केन्द्र की हुई शुरूआत)</u>








कोरबा 17 अगस्त 2017 —महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल द्वारा आज बुधिया पेट्रोल पम्प कोरबा में विभिन्न सुविधाओं से लैस वक्रांगी केन्द्र का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर पर उन्होने फीता काटकर केन्द्र का शुभारंभ कराया तथा केन्द्र संचालक को अपनी शुभकामनाएं प्रदान की।

पुराने कोरबा शहर स्थित बुधिया पेट्रोल पम्प में वक्रांगी केन्द्र की स्थापना की गई है, जिसमें विभिन्न सुविधाएं आमजन को मुहैया कराई गई है, इस केन्द्र में नया आधार कार्ड, आधार कार्ड अपडेट, प्लास्टिक आधार कार्ड, बिजली बिल जमा करने सहित अन्य सरकारी सेवाओं से संबंधित कार्य तथा नए बैंक खाता खोलने, ए.टी.एम सुविधा, बीमा, मनी ट्रांसफर आदि सुविधाओं सहित विभिन्न व्यवसायिक गतिविधियों से संबंधित सुविधाएं मुहैया कराई गई है। आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने फीता काटकर इस सुविधायुक्त वक्रांगी केन्द्र का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर श्रीकांत बुधिया, अजय बुधिया, वक्रांगी लिमिटेड के स्टेट हेड ज्योतिप्रकाश नायक,

डिविजन मेनेजर अमजद हुसैन, अशोक श्रीवास्तव आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।